दिन– बुधवार दिनांक– 02/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस, आज विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों से जुड़ा है। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है। श्री रिजिजू ने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार, वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदाय, महिलाओं, गैर–मुस्लिमों और अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

इधर, सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने कहा कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस विधेयक के जरिए सरकार संविधान को कमजोर करना, अल्पसंख्यकों को बदनाम करना और भारतीय समाज को बांटना चाहती है। श्री गोगोई ने कहा कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन से और समस्याएं पैदा होंगी। इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद लाया गया है और इसे मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। विधेयक पर चर्चा जारी है।

————————————————————

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने देश के युवाओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद को संबोधित करते हुए डॉक्टर मांडविया ने कहा कि देश के युवा भारत को विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय है – विकसित भारत। युवा कार्य और खेल मंत्रालय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं को राजनीति और सार्वजनिक नीति से जोड़ने, शासन और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने यात्री भाड़ा से राजस्व अर्जित करने के मामले में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बताया कि रेल यात्रियों से वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में चार हजार छह सौ दो करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि माल ढुलाई से पूर्व मध्य रेल ने छब्बीस हजार तीन सौ चौवन करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया। इधर, समस्तीपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में एक हजार दो सौ छप्पन करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि यह पिछले छह वर्षों में सबसे अधिक है।

———————————————————

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन आज व्रती खरना का अनुष्ठान करेंगे। आज शाम व्रती भगवान भास्कर को खीर और रोटी का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद छठ व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। चार अप्रैल को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ इस महापर्व का समापन हो जायेगा।

———————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज किया गया। अड़तीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। कल गोपालगंज, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जतायी गयी है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।